# कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण (जैसलमेर–II)

(स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर)

राष्ट्रीय राजमार्ग–11, गोमट, पोकरण, जैसलमेर, राजस्थान–345021

डॉ. दशरथ प्रसाद
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
http://jaisalmer2.kvk2.in

(+91) 2994–299451
(+91) 9461073512
kvkpokaran@gmail.com


क्रमांकः के.वी.के./पोक/लेखा/निविदा/2026/225 दिनांक; 27/07/2026

## खुली निविदा सूचना संख्याः 02/2026–27

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में 01 वर्ष के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण (जैसलमेर–II) के फार्म पर विभिन्न कृषि एवं अन्य श्रमिक कार्य तथा कार्यालय व किसान घर की साफ–सफाई, खाद एवं मीठे पानी की आपूर्ति, जे.सी.बी., फसल थ्रेसिंग एवं ट्यूबवैल रिपेयरिंग आदि कार्य करवाने हेतु सम्बंधित फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 05/08/2026 को प्रातः 11:00 बजे तक मोहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फॉर्म एवं शर्ते रूपये 500/– नकद या डिमान्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जो कि "Senior Scientist and Head, Krishi Vigyan Kendra, Pokaran" के पक्ष में देय हो, को राजपत्रित अवकाश के अलावा कार्य दिवस मे दिनांकः 27/07/2026 से 04/08/2026 तक कार्यालय समय प्रातः 10:00 से सायं 05:00 एवं 05/08/2026 को प्रातः 10:30 बजे तक भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त निविदा को दिनांक 05/08/2026 को दोपहर 01:00 बजे निर्धारित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी एवं विवरण वेबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://raubikaner.org एवं https://jaisalmer2.kvk2.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. = SKA2627A0021

27.07.2026

(वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)
Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Jaisalmer - II
Pokaran - 345021 (Raj.)

# कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण (जैसलमेर–II)

(स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर)
राष्ट्रीय राजमार्ग–11, गोमट, पोकरण, जैसलमेर, राजस्थान–345021

डॉ. दशरथ प्रसाद
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
http://jaisalmer2.kvk2.in

(+91) 2994–299451
(+91) 9461073512
kvkpokaran@gmail.com


क्रमांकः के.वी.के. / पोक / लेखा / निविदा / 2026 / 227 दिनांक; 27 / 07 / 2026

## खुली निविदा सूचना संख्याः 02 / 2026–27

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण (जैसलमेर–II) के फार्म पर विभिन्न कृषि एवं अन्य श्रमिक कार्य तथा कार्यालय व किसान घर की साफ–सफाई, खाद एवं मीठे पानी की आपूर्ति, जे.सी.बी., फसल थ्रेसिंग एवं ट्यूबवैल रिपेयरिंग आदि कार्य करवाने हेतु सम्बंधित फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नानुसार है;

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का NIB/UBN नं. | NIB No.: SKA2627A0021 |
| 2 | निविदा फॉर्म की दर | रू. 500 / – नगद अथवा डिमान्ड ड्राफ्ट के माध्यम से |
| 3 | निविदा संदर्भ | केन्द्र के फार्म पर विभिन्न कृषि एवं अन्य श्रमिक कार्य तथा कार्यालय व किसान घर की साफ–सफाई, खाद एवं मीठे पानी की आपूर्ति, जे.सी.बी., फसल थ्रेसिंग एवं ट्यूबवैल रिपेयरिंग आदि कार्य करवाने हेतु। |
| 4 | निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र–(क) एवं निविदा प्रपत्र–(ख) |
| 5 | कार्य की अनुमानित लागत | रूपये 4.50 लाख (रू. चार लाख मात्र) |
| 6 | कार्य की अनुमानित अवधि | एक वर्ष के लिये |
| 7 | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की दिनांक व समय | दिनांकः 27 / 07 / 2026 से 04 / 08 / 2026 तक कार्यालय कार्य दिवस मे प्रातः 10:00 से सायं 05:00 एवं 05 / 08 / 2026 को प्रातः 10:00 से 10:30 बजे तक। |
| 8 | निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांकः 05 / 08 / 2026 सुबह 11:00 बजें (निविदा फॉर्म मय संलग्नक एवं धरोहर राशि) |
| 9 | निविदा खोलने की दिनांक व समय | दिनांकः 05 / 08 / 2026 दोपहर 01:00 बजें (नियुक्त कमेटी द्वारा) |
| 10 | निविदा खोलने का स्थान | कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण |

निविदा निर्धारित प्रपत्र में बन्द लिफाफे में ही स्वीकार की जायेगी। निविदा फॉर्म शुल्क रू. 500 / – नगद अथवा डिमान्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किया जा सकता है, जो कि "Senior Scientist and Head, Krishi Vigyan Kendra, Pokaran" के पक्ष में देय हों।

UBN No. ⇒ SKA2627SSOB00074

27.07.2026

(वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)
Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Jaisalmer - II
Pokaran - 345021 (Raj.)

# वित्तीय वर्ष 2026–27 में कृषि व अन्य श्रमिक आदि कार्य करने हेतु आमंत्रित खुली निविदा की शर्ते–(ख)

| | |
|---|---|
| 1 | निविदा निर्धारित फॉर्म/प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी। निविदा फॉर्म के लिये शुल्क रूपये 500/– नकद या डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा जो कि "Senior Scientist and Head, Krishi Vigyan Kendra, Pokaran" के नाम देय हों, को निर्धारित दिनांक तक राजपत्रित अवकाश के अलावा कार्य दिवस मे प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा फॉर्म के साथ निम्न दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित छांयाप्रति या मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।<br>1. फर्म का जी.एस.टी. पंजीकरण प्रपत्र।<br>2. अधिकृत संस्थान द्वारा जारी वैध लाईसेंस की प्रति।<br>3. फर्म के बैंक खाता विवरण के लिये केंसल्ड चेक।<br>4. निविदादाता का स्वयं का पेन कार्ड, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साईज फोटो।<br>5. निर्दिष्ट धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट।<br>6. रूपये 50/– के नॉन–ज्यूडिसियल स्टाम्प पर नोटेरी से प्रमाणित **शपथ पत्र** पर यह देना होगा कि निविदादाता/फर्म किसी भी रूप में ब्लैक लिस्टेड नही है। तथा निविदादाता/फर्म का वित्तीय वर्ष 2025–26 का किसी प्रकार का कोई टैक्स बकाया नही है। |
| 3 | स्वीकृत निविदा की अवधि एक वर्ष के लिये मान्य होगी, जिसे आवश्यकतानुसार घटाया/बढ़ाया जा सकेगा। |
| 4 | निविदा की अनुमानित लागत राशि रूपये 4,50,000/– (रू. चार लाख पचास हजार मात्र) है, जिसके लिये निविदादाता द्वारा धरोहर राशि के रूप में (अनुमानित लागत का 02 प्रतिशत) रूपये **9,000/–** केवल डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जो "Senior Scientist and Head, Krishi Vigyan Kendra, Pokaran" के नाम देय हों, को निविदा फॉर्म के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के प्राप्त निविदा फॉर्म को स्वीकार नहीं किया जायेगा। |
| 5 | सफल निविदादाता को निविदा स्वीकृत होने के दो कार्य दिवसों मे कुल अनुमानित लागत राशि का 03 प्रतिशत की दर से रूपये **13,500/–** अतिरिक्त शुल्क के रूप में उपरोक्तानुसार केवल डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से ही जमा करवाना होगा। |
| 6 | जिस निविदादाता/फर्म की निविदा अनुमोदित/स्वीकृत होगी उसकी धरोहर राशि को बतोर अमानत राशि के रूप में कार्यालय में जमा रखा जायेगा तथा उक्त राशि को कार्य अवधि समाप्त होने के बाद निविदादाता द्वारा **''नो ड्यूज''** प्रस्तुत करने पर बिना ब्याज के चैक द्वारा वापस लौटा दिया जायेगा। इसके अलावा यदि निविदादाता बीच में किसी कारण से ठेका/अनुबंध छोड़ देता है तो उसकी जमा धरोहर राशि कार्यालय द्वारा जब्त कर ली जायेगी तथा फर्म को काली सूची (Black List) में डाल दिया जायेगा। |
| 7 | निविदादाता उक्त कार्य को अन्य किसी भी व्यक्ति/फर्म को सबलैट नहीं कर सकेगा, ऐसा कुछ करने पर उक्त निविदा को तुरन्त प्रभाव से उपरोक्त निर्दिष्ट अनुबंध छोड़ने के नियमानुसार निरस्त कर दिया जायेगा। |
| 8 | असफल निविदादाता/फर्म जिनकी निविदा अनुमोदित/स्वीकृत नही होगी उनकी धरोहर राशि के डिमांड ड्राफ्ट को निविदा प्रक्रिया पुर्ण होने के 07 दिवस में ज्यों का त्यों वापस लौटा दिया जायेगा। |
| 9 | निविदा में दी गई दरों में काट–छांट नहीं होनी चाहिए। काट–छांट हो तो उस पर निविदादाता के हस्ताक्षर होना आवश्यक है अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। |
| 10 | कम्पोस्ट खाद की दर में कृविके, पोकरण तक परिवहन, उतारना–चढाना का खर्च सम्मिलित है। |
| 11 | जेसीबी मशीन के कार्य में डीजल, ड्राईवर एवं मरम्मत का खर्च सम्मिलित है। ट्यूबवैल रिपेयरिंग कार्य में लोरिंग, रिपेयरिंग एवं लेबर खर्च सम्मिलित है। थ्रेसर मशीन के कार्य में डीजल, ड्राईवर एवं मरम्मत का खर्च सम्मिलित है। |
| 12 | निविदादाता द्वारा कार्य हेतु लगाये गये व्यक्तियों के अलावा अन्य अनाधिकृत व्यक्तियों का कार्यालय/किसान घर/कृषि फार्म में प्रवेश वर्जित रहेगा। किसी भी तरह के कार्य हेतु बाल श्रमिकों का नियोजन करना वर्जित रहेगा। |
| 13 | निविदादाता की किसी भी प्रकार की काउण्टर कण्डीशन मान्य नहीं होगी। |
| 14 | निविदादाता के श्रमिकों/कर्मचारियों द्वारा केन्द्र के किसान घर/कार्यालय/फार्म की सम्पति को कोई नुकसान नही पहुंचाया जायेगा। यदि कोई नुकसान होता है, तो उसकी भरपाई/मरम्मत निविदिदाता को करनी होगी। |
| 15 | किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/स्थगित/निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण के पास सुरक्षित रहेगा। |
| 16 | कार्य/सेवा संतोषजनक नहीं होने पर कभी भी अनुबंध निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा तथा धरोहर राशि भी जब्त करली जायेगी। |
| 17 | विभिन्न कार्यों के दौरान किसी भी प्रकार की जन–धन हानि एवं दुर्घटना की वैधानिक व सम्पूर्ण जिम्मेवारी निविदादाता की होगी। इस सम्बंध में केन्द्र का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा और न ही किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जायेगा और न ही इस सम्बंध में विश्वविद्यालय प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग की जावेगी। |
| 18 | सभी प्रकार के टैक्स वहन की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। |
| 19 | अनुबंद खत्म होने पर निविदादाता को कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण से ''नो ड्यूज'' लेना होगा। |

Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Jaisalmer - II
Pokaran - 345021 (Raj.)



P.T.O.

| | |
|---|---|
| 20 | निविदादाता या उसके श्रमिक द्वारा अपने स्तर पर केन्द्र पर निर्धारित कृषि एवं अन्य बताये गये कार्य के अतिरिक्त कोई अन्य गैर कानूनी गतिविधि संचालित करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। |
| 21 | किसी प्रकार के विवाद पर न्याय क्षेत्र पोकरण (जैसलमेर) होगा। |
| 22 | बिना कोई कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष को होगा तथा किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा जो कि निविदादाता को मानना बाध्य होगा। |
| 23 | निविदा की शर्तें स्वीकार करते हुये कार्य करने की सहमति प्रदान करने हेतु निविदादाता को रूपये 100/– के नॉन–ज्यूडिसियल स्टाम्प पर नोटेरी से प्रमाणित **शपथ पत्र** निविदा स्वीकृत होने के दो कार्य दिवसों के अन्दर कार्यालय समय में जमा करवाना होगा। इसके अभाव में सफल निविदादाता को कार्यादेश नहीं दिया जाएगा तथा जमानत राशि भी जब्त कर ली जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी निविदादाता की होगी। |

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैने/हमनें पूरी सावधानी पूर्वक उपरोक्त सभी शर्ते अच्छी तरह से पढ़ ली है जो मुझे/हमें स्वीकार्य है एवं मैं/हम उपरोक्त शर्तो पर कार्य करने के लिए सहमत हूँ/है। मेरा/हमारा कार्य किसी भी स्तर पर संतोष जनक नहीं पाये जाने पर निविदा निरस्त कर मेरी/हमारी धरोहर राशि को कृषि विज्ञान केन्द्र, पोकरण जब्त कर सकता है।

(निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील एवं दिनांक)

---

(कमेटी सदस्यों के हस्ताक्षर)

(वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)

27.07.2016

Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Jaisalmer - II
Pokaran - 345021 (Raj.)